उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ

# संस्कृत प्रतिभा खोज 2024

## जनपदस्तरीय संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हेतु आदर्श प्रश्नोत्तर

## भाषा दक्षता (सेट- 3)

**निर्णायकों के लिए निर्देशः-**

1. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन नियम निर्देशिका के अनुसार किया जाए। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता आरम्भ करने के पूर्व इस प्रतियोगिता के नियम से छात्रों को अवगत करा दिया जाय।
2. गोलाकार में बैठे प्रत्येक छात्र से एक समान प्रश्न पूछे जाएं। किसी नवीन बिंदु के प्रश्नों का आरम्भ गोलाकार में बैठे प्रथम छात्र से किया जाए।
3. प्रश्नोत्तरी में लिखित प्रश्न सरल से कठिन की ओर ले जाता है। कठिन प्रश्न कम पड़ जाने पर निर्णय करने हेतु स्वविवेक से अथवा उपस्थित छात्रों की पुस्तक से प्रश्न बनाते हुए अवशिष्ट प्रतिभागी से एक समान प्रश्न पूछा जाय।
4. निर्णायक द्वारा प्रत्येक राउंड के बाद प्रतिभागी को अबतक कुल अवसर समाप्ति की सूचना दी जाय। अभ्युक्ति में उसके नाम के सम्मुख एक अवसर समाप्ति सूचक (X) चिह्न लगाया जाय।

### वर्तनी ज्ञान (वर्ण विच्छेद)

**प्रश्न-** "शशि" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - श् + अ + श् + इ

**प्रश्न-** "इति" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - इ + त् + इ

**वर्ण-विच्छेद सहित अंतिम वर्ण को बोलना। जैसे - कमल = क् + अ + म् + अ + ल् + अ (अकारान्त)**

**प्रश्न-** "राम" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -राम = र् + आ + म् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "वाक्य" यह पद किन-किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -वाक्य = व् + आ + क् + य् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "राजन्" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - राजा = र् + आ + ज् + अ+ न् (नकारान्त)

**प्रश्न-** "लता" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - लता = ल् + अ + त् + आ ( आकारान्त )

**प्रश्न-** "कवि" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -कवि = क् + अ + व् + इ (इकारान्त)

**प्रश्न-** "मति" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -मति = म् + अ + त् + इ (इकारान्त)

**प्रश्न-** "नदी" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - नदी = न् + अ + द् + ई ( ईकारान्त )

**प्रश्न-** "पृथ्वी" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -पृथ्वी = प् + ऋ + थ् + व् + ई ( ईकारान्त )

**प्रश्न-** "दीपावली" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -दीपावली = द् + ई + प् + आ + व् + अ + ल् + ई ( ईकारान्त )

**प्रश्न-** "शिशु" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -शिशु = श् + इ + श् + उ ( उकारान्त )

**प्रश्न-** "मधु" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -मधु = म् + अ + ध् + उ ( उकारान्त )

**प्रश्न-** "गुरु" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -गुरु = ग् + उ + र् + उ ( उकारान्त )

**प्रश्न-** "वधू" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -वधू = व् + अ + ध् + ऊ ( ऊकारान्त )

**प्रश्न-** "मातृ" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -मातृ = म् + आ + त् + ऋ ( ऋकारान्त )

**प्रश्न-** "पितृ" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - पितृ = प् + इ + त् + ऋ

**प्रश्न-** "राजन्" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - राजन् = र् + आ + ज् + अ + न् (नकार )

**प्रश्न-** "वाच्" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** -वाच् = व् + आ + च्

**प्रश्न-** "आसन्द:" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –आसन्द:=आ + स् + अ + न् + द् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "विद्यालयः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "दीपः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –द् + ई + प् + अ

**प्रश्न-** "चषकः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –च् + अ + ष् + अ + क् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "सौचिकः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –स् + औ + च् + इ + क् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "देशः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –द् + ए + श् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "बलीवर्दः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –ब् + अ + ल् + ई + व् + अ + र् + द् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "वृद्धः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –व् + ऋ + द् + ध् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "स्यूतः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए

उत्तर –स् + य् + ऊ+ त् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "गृहम्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –ग् + ऋ + ह् + अ + म् (मकार)

**प्रश्न-** "हृदयम्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ + म् (मकार)

**प्रश्न-** "ह्रस्वः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –ह् + र् + स् + व् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "श्री" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –श् + र् + ई

**प्रश्न-** "जगत्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –ज् + अ + ग् + अ + त्       (तकार)

**प्रश्न-** "अमावस्या" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर –अ + म् + आ + व् + अ + स् + य् + आ  (आकारान्त)

**प्रश्न-** "पर्वन्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

उत्तर – प् + अ + र् + व् + अ + न्            (नकार)

**प्रश्न-** "आशीर्वादः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** – आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "क्षिप्र" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क्ष् + इ + प् + र् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "ज्योत्स्ना" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –ज् + य् + ओ + त् + स् + न् + आ (आकारान्त)

**प्रश्न-** "उज्ज्वल" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –उ+ ज् + ज् + व् + अ + ल् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "कार्तिक" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क् + आ र् + त् + इ + क +अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "समृद्धि" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –स् + अ + म् + ऋ + द् + ध् + इ (इकारान्त)

**प्रश्न-** "किञ्जल्क" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क् + इ + ञ् + ज् + अ + ल् + क् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "कैतव" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क् +ऐ + त् + अ+ व् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "शाण्डिल्य" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –श्+आ + ण् + ड् + इ + ल् + य् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "शाम्भवी" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –श् + आ + म् + भ् + अ + व् + ई (ईकारान्त)

**प्रश्न-** "क्रमेलकः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क् + र् + अ + म् + ए + ल् + अ + क् + अ + विसर्ग (अकारान्त)

**प्रश्न-** "मरीचिका" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –म् + अ+ र् + ई +च् + इ + क् + आ (आकारान्त)

**प्रश्न-** "शर्मिष्ठा" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –श् + अ + र् + म् + इ + ष् + ठ् + आ (आकारान्त)

**प्रश्न-** "काण्डम्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क् + आ + ण् + ड् + अ + म्  (मकार)

**प्रश्न**- "सांस्कृतिकी" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –स् + आ + अनुस्वार + स् + क् + ऋ + त् + इ + क् + ई  (ईकारान्त)

**प्रश्न**- "चित्राणि" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –च् + इ + त् + र् + आ + ण् + इ  (इकारान्त)

**प्रश्न**- "कारण्डवाः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –क् +आ + र् + अ + ण् + ड् + अ + व् + आ + विसर्ग (आकारान्त)

**प्रश्न**- "अन्ये" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** –अ + न् + य् + ए  (एकारान्त)

**प्रश्न**- "धरित्री" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर** – ध् + अ + र् + इ + त् + र् + ई  (ईकारान्त)

**संकेत** - इस तरह के शब्दों का वर्ण विच्छेद तथा अंतिम वर्ण पूछें।

वर्ण ज्ञान

**प्रश्न**- ह्रस्व स्वर कौन-कौन है ?

**उत्तर**- अ इ उ ऋ लृ

**प्रश्न**- ए ह्रस्व स्वर है अथवा दीर्घ स्वर ?

**उत्तर**- दीर्घ स्वर

**प्रश्न**- दीर्घ स्वर वर्ण कौन-कौन है ?

**उत्तर**- आ ई ऊ ॠ ए ऐ ओ औ

**प्रश्न**- ह्रस्व स्वर वर्ण के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर**- एक मात्रा

**प्रश्न**- किस स्वर वर्ण के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है

**उत्तर**- दीर्घ स्वर वर्ण के उच्चारण में ।

**प्रश्न**- अनुस्वार तथा विसर्ग कौन सा वर्ण है, स्वर, व्यंञ्जन या अयोगवाह

**उत्तर**- अयोगवाह

**प्रश्न**- विसर्ग के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर**- अर्ध मात्रा (आधी मात्रा)

**प्रश्न-** व्यञ्जन वर्ण के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर-** अर्ध मात्रा (आधी मात्रा)

**प्रश्न -** ठ वर्ण किस वर्ग का वर्ण है ?

**उत्तर-** ठ वर्ण टवर्ग का वर्ण है।

**प्रश्न -** माहेश्वर सूत्रों की संख्या कितनी हैं ?

**उत्तर –** 14

**प्रश्न-** स्वर के कितने प्रकार के होते हैं ?

**उत्तर –** तीन

**प्रश्न-** स्वर के तीनों भेद का नाम बताइये ?

**उत्तर –** ह्रस्व, दीर्घ तथा प्लुत ।

**प्रश्न-** स्पर्श संज्ञक वर्णों में किस-किस वर्ग के वर्ण आते हैं ?

**उत्तर –** कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग तथा पवर्ग

**प्रश्न-** अन्तस्थ संज्ञक वर्णों में कौन-कौन वर्ण आते हैं ?

**उत्तर –** य, व, र, ल

**प्रश्न-** ऊष्म संज्ञक वर्णों में कौन-कौन वर्ण आते हैं ?

**उत्तर–** श, ष, स, ह

**प्रश्न-** वर्ग के पंचम वर्ण कौन-कौन हैं ?

**उत्तर –** ञ, म, ङ, ण, न

प्रश्न- "रुद्र" यहाँ रु में किस प्रकार का स्वर है?

**उत्तर -** ह्रस्व

प्रश्न- "ऋतम्" इस पद में कितने तथा कौन से वर्ण स्वर हैं?

**उत्तर -** दो, ऋ तथा अ

प्रश्न- श, ष, य, ह इनमें से अन्तःस्थ व्यञ्जन कौन सा है?

प्रश्न- "कृती" में कृ में किस प्रकार का स्वर है?

**उत्तर –** ह्रस्व

प्रश्न- "नृणाम्" में कितने ह्रस्व स्वर हैं?

**उत्तर –** कोई नहीं

प्रश्न-“चण्डी” में कितने तथा कौन से मूर्धन्य स्वर हैं?

उत्तर – दो - ण् तथा ड्

उच्चारण स्थान

**प्रश्न -** अ का उच्चारण स्थान क्या है ?

**उत्तर -** कण्ठ

**प्रश्न-** विसर्ग का उच्चारण स्थान क्या है

**उत्तर -** कण्ठ

**प्रश्न-** तवर्ग का उच्चारण स्थान क्या है

**उत्तर -** दन्त

**प्रश्न-** पवर्ग का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –ओष्ठ

**प्रश्न-** "ष" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – मूर्धा

**प्रश्न-** "चवर्ग" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – तालु

**प्रश्न-** "ण" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – मूर्धा

**प्रश्न-** "ऋ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –मूर्धा

**प्रश्न-** "ऐ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –कण्ठ तालु

**प्रश्न-** "औ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –कण्ठ-ओष्ठ

**प्रश्न-** "ह" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – कण्ठ

**प्रश्न-** "य" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – तालु

**प्रश्न-** "व" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –दन्त ओष्ठ

**प्रश्न-** "अनुस्वार" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –नासिका

**प्रश्न-** "ल" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** –दन्त

**प्रश्न-** "लृ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – दन्त

**प्रश्न-** "कण्ठ से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** -कण्ठ – अ क ख ग घ ङ ह विसर्ग

**प्रश्न-** "जिह्वामूल से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** -जिह्वामूल – जिह्वामूलीय क, ख

**प्रश्न-** दन्त-ओष्ठ से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** –व

**प्रश्न-** उपध्मानीयवर्ण कौन सा होता है?

**उत्तर** –प

**सङ्केत-**

य (तालु) ल (दन्त) (कण्ठ – अ क ख ग घ ङ ह विसर्ग), (तालु – इ च छ ज झ ञ य श), (मूर्धा – ऋ ट ठ ड ढ ण र ष), (दाँत – लृ त थ द ध न ल स), (ओष्ठ – उ प फ ब भ म उपध्मानीय प, फ) (कण्ठ-तालु – ए ऐ) (कण्ठ-ओष्ठ – ओ औ) (मुख-नासिका – ङ ञ ण न म) (दन्त-ओष्ठ – व) (जिह्वामूल – जिह्वामूलीय क, ख) (नासिका – अनुस्वार)

पर्यायवाची शब्द

**प्रश्न-** " शिक्षकः " इसका एक समानार्थक पद बोलें।

**उत्तर** - आचार्यः

**प्रश्न-** " सूर्यः" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

**उत्तर** - आदित्यः

**प्रश्न-** संस्कृत का कोई दो पर्यायवाची बोलें।

**उत्तर-** भारती, अमरभारती, अमरवाणी, सुरभारती, सुरवाणी, गीर्वाणवाणी, गीर्वाणी, देववाणी, देवभाषा

**प्रश्न-** " नदी" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

**उत्तर** –सरित्, पयस्विनी, निम्नगा, स्रोतस्विनी

प्रश्न - "मेघ" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

**उत्तर** –वारिद, जलद, पयोद

प्रश्न - "समुद्र" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

उत्तर –सागर, जलधि, पयोधि, वारिधि

प्रश्न - "हस्त" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

उत्तर –कर, हाथ, पाणि

प्रश्न - "गो" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

उत्तर –सुरभि, धेनु, सुरभि, भद्रा

**प्रश्न-** "माता" इसका एक समानार्थक पद बोलें।

उत्तर –जननी, अम्बा

**प्रश्न-** "निशा" इसका एक समानार्थक पद बोलें।

उत्तर –रजनी, रजनी, विभावरी, यामिनी, यामा

**प्रश्न-** "लोहित" इसका एक समानार्थक पद बोलें।

उत्तर –रक्त,

**प्रश्न-** "कमल" इसके दो समानार्थक पद बोलें।

उत्तर –पंकज, नीरज, जलज, पद्म, सरोज, पुण्डरीक, अरविन्द, इन्दीवर, शतदल

**प्रश्न-** "जल" के दो समानार्थक पद बोलें।

उत्तर –वारि, नीर, पय, अम्बु, उदक, सलिल

**प्रश्न-** "दुग्ध" के दो समानार्थक पद बोलें।

उत्तर –पयः, क्षीर, गोरस

**संकेत-**

रविवार – रविवासरः, भानुवासरः

सोमवार – सोमवासरः, इन्दुवासरः

मंगलवार – मङ्गलवासरः, भौमवासरः

बुधवार – बुधवासरः, सौम्यवासरः

गुरुवार – गुरुवासरः, बृहस्पतिवासरः

शुक्रवार – शुक्रवासरः, भृगुवासरः

शनिवार – शनिवासरः, स्थिरवासरः

विलोम शब्द

**प्रश्न-** "उत्तीर्णः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

**उत्तर -** अनुत्तीर्णः

**प्रश्न-** "एकत्र" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

**उत्तर -** सर्वत्र

**प्रश्न-** "रात्रिः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर –दिनम्, दिवसः

**प्रश्न-** "एकः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – अनेकः

**प्रश्न-** "निर्धनः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – धनिकः

**प्रश्न-** "आकाशः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – पातालम्

**प्रश्न-** "निर्बलः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – सबलः

**प्रश्न-** "सम्पन्नः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

**उत्तर** – विपन्नः

**प्रश्न-** "सहजः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

**उत्तर** – कठिनम्, जटिलम्

**प्रश्न-** "अनुकूलम्" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

**उत्तर** – प्रतिकूलम्

**प्रश्न-** "विषम्" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

**उत्तर** – अमृतम्

**प्रश्न-** "अंतरंगम्" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – बहिरंगम्

**प्रश्न-** “अज्ञः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – विज्ञः

**प्रश्न-** “अत्र" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर –तत्र

**प्रश्न-** “पुरातनः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर –अधुनातनः

**प्रश्न-** “अन्तर्मुखी" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – बहिर्मुखी

**प्रश्न-** “कटुः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर -मृदुः

**प्रश्न-** "दीर्घः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –ह्रस्वः

**प्रश्न-** "लौकिकः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –अलौकिकः

**प्रश्न-** "कनिष्ठः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – वरिष्ठः, ज्येष्ठः

**प्रश्न-** "सन्धिः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –विग्रहः

**प्रश्न-** "निरक्षरः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –साक्षरः

**प्रश्न-** "सधवा" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –विधवा

**प्रश्न-** "स्वकीयः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –परकीयः

**प्रश्न-** "अतिवृष्टिः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –अनावृष्टिः

**प्रश्न-** "आधुनिकः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –प्राचीनः

**प्रश्न-** "आध्यात्मिकः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –भौतिकः

**प्रश्न-** "आग्रहः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –दुराग्रहः

**प्रश्न-** "आकर्षणम्" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –विकर्षणम्

**प्रश्न-** "अगमः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –सुगमः

**प्रश्न-** "अथ" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर –इति

**प्रश्न-** "प्रेम" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – घृणा

**संकेत-**

मृदुः (कठोरम्) स्वस्थः (अस्वस्थः) नीतिः (अनीतिः) धर्मः (अधर्मः) श्वेतः (कृष्णः) आदानम् (प्रदानम्) साक्षरः (निरक्षरः) अनुकूलः (प्रतिकूलः) उदयः (अस्तः) आगमनम् (गमनम्) उत्थानम् (पतनम्) क्रयः (विक्रयः) कृतज्ञः (कृतघ्नः) तीव्रम् (मन्दम्) प्रत्यक्ष (परोक्ष) पापम् (पुण्यम्) मित्रम् (शत्रुः) साकारः (निराकारः) सुलभः (दुर्लभः) अन्तः (वाह्य) जन्म (मृत्यु) उदीची (अवाची) सुरूपम् (कुरूपम्) प्राचीनम् (नवीनम्) भृत्यः (स्वामी) खिन्नम् (प्रसन्नम्) स्थूलः (सूक्ष्मः) मधुरम् (कटुः) प्रभात: (सायम्) चलम् (अचलम्) सुपुत्रः (कुपुत्रः) निजः (परः) प्रियम् (अप्रियम्) विद्वान् (मूर्खः) सत्यम् (असत्यम्) भयः (निर्भयः) एक: (अनेकः) अनुरक्तः (विरक्तः) आकुञ्चनम् (प्रसारणम्) ईषत् (अलम्) ऋजुः (वक्रम्) कृशः (स्थूलः) गुरुः (लघुः) देवः (दानवः) पृथुः (तनुः) रिक्तः (पूर्णम्)

**शब्दकोश**

शरीर के अंगों के नाम

**प्रश्न-** कूर्पर शरीर के किस अङ्ग को कहते हैं

**उत्तर-** कोहनी

इसी प्रकार अन्य अङ्गों के नाम पूछे जा सकते हैं। यथा- स्कन्ध (कन्धा), अन्त्रम् (आँत), कनीनिका (आँख की पुतली), तर्जनी (अँगूठे के पास वाली अँगुली), पार्ष्णिः (एड़ी), जत्रु (कन्धे की हड्डी), मणिबन्धः (कलाई),

शोणितम् (रक्त), गण्डः (कनपटी),चपेटा (थप्पड़), छोटिका (चुटकी), अनामिका (कनिष्ठा के पास वाली अँगुली), चिबुकम् (गाल), तुन्दम् (तोंद), शिरा (धमनी), स्नायुः (नाड़ी), अधरोष्ठः (होठ), पञ्चाङ्गुलम् (पञ्जा), गुल्मः (प्लीहा), काकुदम् (मसूढा), वक्त्रम् (मुख), मेरुदण्डम् (रीढ़), पलितम् (श्वेत केश), मज्जा (हड्डी के अनदर की वसा), करतलम् (हथेली)

फल के नाम

अनार (दाडिमम्), अङ्गूर (द्राक्षा, मृद्वीका, स्वाद्वी), आँवला (आमलकम्), कच्चा फल (शलाटुः), कटहल (पनसम्), करौंदा (करमर्दः), किशमिश (शुष्कद्राक्ष), कचनार (कोविदारम्), खीरा (उर्वारुकम्, त्रपुषम्), फूट ककड़ी (उर्वारुकम्), चिरौंजी (प्रियालम्), छुहारा (शुष्कखर्जूरम्, क्षुधाहरम्), नींबू (जम्बीरम्, निम्बुकम्), पपीता (मधुकर्कटी, एरण्डफलम्), बेर (बदरीफलम्, कर्कन्धुः), मुसम्बी (मातुलुङ्गः), सिंघाड़ा (शृङ्गाटकम्), हड़ (हरीतकी)

पशुओं के नाम

ऊँट (क्रमेलकः, उष्ट्रः), काला हिरण (कृष्णसारः), एक वर्ष का बछड़ा (वष्कयः), कुत्ता (कुक्कुरः, सारमेयः), शिकारी कुत्ता (कालेयकः), खरगोश (शशः), गाय (धेनुः, गौः), गिलहरी (चिक्रोडः, काष्ठमार्जारः, वृक्षमार्जारः), घड़ियाल (ग्राहः), चीता (चित्रकः, शार्दूलः), तेन्दुआ (तरक्षः), बकरा (अजः, छागः), बन्दर (कपिः, शाखामृगः, कीशः, वानरः), बैल (बलीवर्दः, वृषभः), लङ्गूर (लाङ्गुलिः), हिरन (हरिणः, मृगः) हथिनी (करिणी, हस्तिनी), हाथी का बच्चा (कलभः, करिशावकः), लोमड़ी (लोमशा, लोमाली, लोमशः), भेड़ (मेषः, एडकः, ऊर्णायुः), भेड़िया (वृकः, ईहामृगः), बाघिन (व्याघ्री), नीलगाय (गवयः, वनधेनुः), कछुआ (कच्छपः, कूर्मः)

**संस्कृत में सम्बन्धियों के नाम पूछें**

हिन्दी - संस्कृत
पिता - पिता/जनकः/ तातः
माँ - अम्बा/माता/जननी
दादा (बाबा) - पितामहः
दादी (दाई) - पितामही
परदादी - प्रपितामही
नाना - मातामहः
परनाना - प्रमातामहः
भाई- भ्राता
बड़ा भाई- अग्रजः
छोटा भाई- अनुजः
सगा भाई सहोदरः

सौतेला भाई- विमातृजः
चचेरा भाई- पितृव्यपुत्र:/पितृव्यज:
ममेरा भाई- मातुलपुत्र:/मातुलेय:
बहिन- भगिनी/स्वसा
सगी बहिन- सहोदरा
पति- पतिः/भर्त्ता/वरः
पत्नी- अर्धाङ्गिनी/पत्नी/भार्या/जाया
मामा- मातुलः
मामी- मातुली, मातुलानी
भाभी (भौजी)- भ्रातृजाया/प्रजावती/भामिनी
साला- श्यालः
साली- श्याली/श्यालिका
साढू- श्यालिपतिः, साढोकः
बहनोई- आवुत्तः /भगिनीपतिः
देवर- देवरः, देवा
देवरानी- याता
जेठ- ज्येष्ठः पत्यग्रजः
जेठानी- ज्येष्ठा
ननद- ननान्दा
समधिन सम्बन्धिनी
सास- श्वश्रूः
ससुर- श्वसुरः
दामाद- जामाता
भानजी- भागिनेयी/ स्वस्त्रीया
दोस्त- सखा / मित्रम् / वयस्यः / सुहृद् / सार्थी
सहेली- आलिः/ वयस्या/सखी/सहचरी

वृक्ष का नाम

**छात्रों से वृक्षों का संस्कृत नाम पूछा जाय-**

आम्रः (आम), वटः या पर्कटी (बरगद) अश्वत्थः (पीपल) निम्बः (नीम) कण्टकवृक्षः (बबूल) वेतसः (बांस) देवदारुः या देववृक्ष: (देवदार) भद्रदारु (चीड़) चन्दनम् (चंदन)

सर्वनाम

**प्रश्न-** सः किस सर्वनाम शब्द का रूप है ?

**उत्तर -** तत् सर्वनाम शब्द का रूप है ।

**प्रश्न-** “गजः चलति” में गजः के स्थान पर तत् सर्वनाम पद का प्रयोग कर वाक्य बनाएँ

**उत्तर -** सः चलति।

**प्रश्न-** “युष्मद्”सर्वनाम का प्रथमा बहुवचन रूप बताइए ?

**उत्तर –** यूयम्

**प्रश्न –**“केन” पद किस सर्वनाम शब्द का रूप है ?

**उत्तर –**किम्

**प्रश्न -**“येषाम्” पद किस सर्वनाम का रूप है ?

**उत्तर –**यत्

**प्रश्न –**“सर्वेषाम्” किस सर्वनाम के किस लिङ्ग का रूप है ?

**उत्तर –**सर्व पुंल्लिग/नपुंसकलिंग

**प्रश्न-** “बालिकाः पठन्ति”, यहाँ बालिकाः के स्थान पर एतत् सर्वनाम पद का प्रयोग करके वाक्य बनाएँ?

**उत्तर –**एताः पठन्ति ।

**प्रश्न-** “छात्रौ क्रीडतः”, यहाँ छात्रौ के स्थान पर किम् सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाएँ?

**उत्तर –**कौ क्रीडतः

**प्रश्न-** यत् सर्वनाम स्त्रीलिङ्ग षष्ठी विभक्ति बहुवचन में क्या रूप होगा ?

**उत्तर –**यासाम्

**प्रश्न –**“मीरा वाणी माया च चलचित्रं पश्यन्ति”, इस वाक्य में मीरा वाणी माया के स्थान पर तत् सर्वनाम पद का प्रयोग करके वाक्य बनाए ?

**उत्तर –**ताः चलचित्रं पश्यन्ति ।

**प्रश्न –**“माधुरी मम मित्रम् अस्ति”, इस वाक्य में माधुरी के स्थान पर एतत् सर्वनाम का प्रयोग कर सर्वनाम बनाए ?

**उत्तर –**एषा मम मित्रम् अस्ति ।

**प्रश्न –**“मह्यम् आम्रं रोचते”, इस वाक्य में आम्रम् के स्थान पर इदम् सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाए ?

**उत्तर –**मह्यम् इदं रोचते ।

**प्रश्न-** “अस्मद्” किस सर्वनाम का रूप है ?

**उत्तर –**अस्मद्

**प्रश्न –**"पाठकाः दूरात्आगच्छन्ति", यहाँ पाठकाः के स्थान पर इदम् शब्द का प्रयोग कर वाक्य बनाए।

**उत्तर –**इमे दूरात् आगच्छन्ति।

**प्रश्न –**"महिलानाम् सौन्दर्यं पश्य", यहाँ महिलानाम् के स्थान पर तत् सर्वनाम का प्रयोग कर वाक्य बनाए।

**उत्तर –**तासां सौन्दर्यं पश्य।

**प्रश्न-** त्वत् किस सर्वनाम का रूप है?

उत्तर-युष्मद्

विशेषण

**प्रश्न-** "आम्रं मधुरम्" अस्ति में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर –**मधुरम्।

**प्रश्न–** "मधुरम् अस्ति" में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर -** मधुरम्

प्रश्न- "मुकुलः प्रांशुः अस्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर -** प्रांशुः

**प्रश्न –**"पर्यटकाः साधवः सन्ति" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर –साधवः

**प्रश्न –**"नीलानि पुष्पाणि रोचन्ते" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** नीलानि

**प्रश्न –**"नारिकेलफलं बहिस्तः कठोरं भवति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** कठोरम्

**प्रश्न –**"कृशाः बालिकाः बलिष्ठाः न सन्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** कृशाः, बलिष्ठा

**प्रश्न –**"कृषकाः उन्नतायां भूमौ आढकीवीजानि वपन्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** उन्नतायां

प्रश्न –"दुष्टाः नराः दण्डनीयाः" में कौन विशेष्य पद है?

**उत्तर –** नराः

प्रश्न –"श्रेष्ठाः जना आदरणीयाः भवन्ति" में कौन विशेष्य पद है?

उत्तर –जना

**प्रश्न** –"वसन्ते कोकिलः पञ्चमे ताने गायति" में कौन विशेष्य पद है?

**उत्तर** – कोकिलः

**प्रश्न** –"मनोरमाः महिलाः सुन्दरं नृत्यं कुर्वन्तः सन्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर** – मनोरमाः, सुन्दरं

**प्रश्न** –"अस्माकं राष्ट्रं विशालम् अस्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर** –विशालम्

**प्रश्न** –"सूनृता वाक् सदा वाच्या" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर** – सूनृता

**प्रश्न** –"ग्रीष्मे शीतलं जलं रोचते" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर** - शीतलम्

शब्द का लिंग

**प्रश्न**- संस्कृत में कितने लिंग होते हैं –

उत्तर- 3

**प्रश्न**- संस्कृत के तीनों लिंगों का नाम बताईये

उत्तर- पुंलिङ्ग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक लिंग।

**प्रश्न**- **बकः** किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - बकः पुल्लिंग शब्द है।

**प्रश्न**- **सुधा** किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - सुधा स्त्रीलिंग का शब्द है।

**प्रश्न**- पिपीलिका किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - पिपीलिका स्त्रीलिंग का शब्द है।

**प्रश्न**- अङ्ग किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - अङ्ग नपुंसक लिंग का शब्द है।

**प्रश्न**- 'सूर्य' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**प्रश्न**- 'अनुजः' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'विडाल' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'मार्गः' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'उत्सव' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'शुक' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'कृषक' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'पूर्वाह्ण' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'हाहा' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'विधु' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'अञ्जलि' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'करिन्' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'शशिन्' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'आत्मन्' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'महिमन्' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'नासिका' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –स्त्रीलिंग

**प्रश्न-** 'सूची' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –स्त्रीलिंग

**प्रश्न-** 'मातुली' किस लिंग का शब्द है ?

उत्तर –स्त्रीलिंग

**पुंलिङ्ग शब्द -** सूर्यः, अनुजः, विडाल, शुक, कृषक, हरित, पीत, पूर्वाह्न

**स्त्रीलिंग शब्द -** नासिका, सूची, मातुली, मातामही, भगिनी, तनू, विद्युत्, रात्रि, क्षिति

**नपुंसक लिंग शब्द -** चित्र, पत्र, गीत, गृह, आम्र, पुष्प, कमल, तक्र, शरीर, विष, पाप, रूप

## शब्द का वचन

**प्रश्न-** संस्कृत में कितने वचन होते हैं

उत्तर- 3

**प्रश्न-** संस्कृत के तीनों वचनों का नाम बताईये

उत्तर - एकवचन, द्विवचन तथा बहुवचन

**प्रश्न-** जवनिका शब्द का प्रथमा द्विवचन का रूप बोलिए ?

उत्तर - जवनिके

**प्रश्न-** "सिंहौ गर्जतः" इसे बहुवचन का वाक्य बनाकर बोलिए ?

उत्तर - सिंहाः गर्जन्ति ।

**प्रश्न-** "गायकाः गायन्ति" इसे एकवचन का वाक्य बनाकर बोलिए ?

उत्तर - गायकः गायति ।

**प्रश्न-** "लता" शब्द के पंचमी बहुवचन का रूप बोलिए ?

उत्तर - लताभ्यः ।

**प्रश्न-** रामेण में कौन विभक्ति तथा वचन है ?

उत्तर - तृतीया विभक्ति, एकवचन ।

**प्रश्न-** रमायै में कौन विभक्ति तथा वचन ?

उत्तर - चतुर्थी विभक्ति, एकवचन ।

**प्रश्न-** मातरः का विभक्ति तथा वचन बोलिए।

उत्तर - प्रथमा विभक्ति, बहुवचन।

शब्द का लिंग तथा वचन

**प्रश्न- एषः कः** का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, एकवचन।

**प्रश्न- एषा का** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग, एकवचन।

**प्रश्न- एतौ कौ** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, द्विवचन।

**प्रश्न- एते के** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग, द्विवचन।

**प्रश्न- एतानि चित्राणि** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - नपुंसकलिंग, बहुवचन।

**प्रश्न- केशाः** का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, बहुवचन।

**प्रश्न-** ग्रामण्यौ का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग शब्द, द्विवचन।

**प्रश्न-** सेतू का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, प्रथमा तथा द्विवचन।

**प्रश्न-** हनुः का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग शब्द, एकवचन।

शब्द / पद का पुरूष

**प्रश्न-** संस्कृत में पुरुषों की कितनी संख्या है ?

**उत्तर-** 3

**प्रश्न-** संस्कृत के तीनों पुरुषों का नाम बताईये ?

**उत्तर** -प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा उत्तम पुरुष

**प्रश्न-** तत् किस पुरूष का शब्द है ?

**उत्तर** - तत् शब्द प्रथम पुरूष का शब्द है।

**प्रश्न-** अहम् किस पुरूष का पद है ?

**उत्तर** - अहम् उत्तम पुरूष का पद है

शब्द / पद की विभक्ति

**प्रश्न-** "बालक" शब्द के षष्ठी विभक्ति एकवचन का रूप बोलें।

**उत्तर** – बालकस्य

**प्रश्न-** सेतू किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - पुल्लिंग शब्द, प्रथमा तथा द्वितीया द्विवचन।

**प्रश्न-** ग्रामण्यौ किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति ।

**प्रश्न-** "यूयं" पद किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - प्रथमा विभक्ति ।

**प्रश्न-** "क्रीडायै" पद किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - चतुर्थी विभक्ति ।

**प्रश्न-** वयं नेत्राभ्यां पश्यामः इस वाक्य में नेत्राभ्यां किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - तृतीया विभक्ति ।

**प्रश्न-** बालिकाः उत्साहेन क्रीडन्ति इस वाक्य में उत्साहेन किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - तृतीया विभक्ति ।

इसी तरह - प्रतिभागी, अनेकानि, तानि, स्नानाय, बालकान्, नायकम्, त्वम् पद में क्रमशः प्रथमा, प्रथमा तथा द्वितीया, प्रथमा तथा द्वितीया, चतुर्थी, द्वितीया, द्वितीया, प्रथमा विभक्ति है।

वाक्य में विशेष्य और विशेषण

**प्रश्न-** श्वेतः अश्वः धावति में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर** - श्वेतः विशेषण पद है ।

**प्रश्न-** चतुरः काकः जलं पिबति में कौन विशेष्य पद है ?

**उत्तर** - काकः विशेष्य पद है ।

**प्रश्न-** पुष्पं सुन्दरं अस्ति इस वाक्य में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर** - सुन्दरं विशेषण पद है ।

संख्या ज्ञान

**प्रश्न-** चत्वारः सिंहाः भ्रमन्ति इस वाक्य में संख्यावाचक पद कौन है ?

**उत्तर -** चत्वारः संख्यावाचक पद है ।

**प्रश्न-** एका पिपीलिका याति इस वाक्य में संख्यावाचक पद कौन है ?

**उत्तर -** एका संख्यावाचक पद है ।

सुप् प्रत्यय तथा शब्दरूप

**प्रश्न-** "मुनयः" किस शब्द का रूप है?

**उत्तर-** मुनि शब्द का बहुवचन

**प्रश्न-** "पितृ" शब्द का प्रथमा विभक्ति तीनों वचन का रूप बताइये?

**उत्तर-** पिता पितरौ पितरः

**प्रश्न-** "मक्षिके" किस शब्द का रूप है?

**उत्तर-** मक्षिका का द्विवचन

**प्रश्न-** रमा शब्दस्य षष्ठीविभक्तौ एकवचने किं रूपम्?

**उत्तरम् -** रमायाः

**प्रश्न-** गज शब्दस्य प्रथमाविभक्तौ किं रूपम्?

**उत्तरम् -** गजः गजौ गजाः

संकेत - नर, मृग, वानर, सैनिक, चतुर, अश्व, घट, दिवस शब्द का प्रथमा, द्वितीया, तृतीया आदि विभक्ति का रूप पूछें

पद में धातु

**प्रश्न-** हसति में मूल धातु का नाम बतायें ?

**उत्तर -** हसति में **हस्** मूल धातु है।

**प्रश्न-** मेघाः गर्जन्ति में किस मूल धातु का प्रयोग हुआ है ?

**उत्तर -** गर्जन्ति में गर्ज् मूल धातु का प्रयोग हुआ है ।

**प्रश्न-** खेलिष्यन्ति पद किस धातु का रूप है ?

उत्तर - खेल् धातु

**प्रश्न-** "राजते" किस धातु का रूप है?

उत्तर- राजृ / राज् धातु

**प्रश्न-** भविष्यन्ति पद किस धातु का रूप है?

उत्तर - भू धातु

**प्रश्न-** "पचति" किस धातु का रूप है?

उत्तर- डुपचस् / पच् धातु

**प्रश्न-** "कर्षन्ति" किस धातु का रूप है?

उत्तर- कृष् धातु

**प्रश्न-** "वपति" किस धातु का रूप है?

उत्तर- डुवप् / वप् धातु

धातुरूप का वचन

**प्रश्न-** 'पा' धातु के लट् लकार प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप बोलिए।

**उत्तर** - पिबन्ति

**प्रश्न-** पठ् धातु प्रथम पुरुष बहुवचन लट्लकार का रूप क्या होगा

**उत्तर** – पठन्ति

**प्रश्न-** गम् धातु उत्तम पुरुष बहुवचन में लट्लकार क्या रूप बनेगा

**उत्तर** – गच्छामि

**इसी तरह कृ, भू, अस्, लिख्, खेल्, पा, कूर्द्, मुञ्च्, हस्, धातु के विविध वचन पूछें।**

धातुरूप का पुरुष

**प्रश्न-** खेल् धातु के प्रथम पुरुष का रूप बताइये

**उत्तर** - खेलति खेलतः खेलन्ति

अधोलिखित का वर्तमान काल में रूप बताइये

गमिष्यथ, आगमिष्यामि, श्रोष्यानि, वदिष्यसि, पठिष्यति, लेखिष्यतः, पास्यसि, खादिष्यन्ति, द्रक्ष्यावः, नेष्यामि, चलिष्यामः, वसिष्यानि, ज्ञास्याति

प्रक्ष्यतः, उपवेक्ष्यासि, दास्यथ, कथयिष्यामि, हसिष्यति, स्मरिष्यामि, नर्तिष्यति, गास्यानि, स्थास्यामि, क्षिप्स्यन्ति, अटिष्यावः भ्रमिष्यामि, करिष्यति।

वर्तमान काल, भूत काल तथा भविष्यत् काल का वाक्य बनायें।

इदं चित्रं पाठशालायाः वर्तते
सावित्री मुखरं विरोधं अकरोत्
सा प्रथमा महिला शिक्षिका आसीत्

अधोलिखित तिङन्त पद से वाक्य निर्माण करें

गच्छति, श्रृणोमि, वदामि, पठामि, लिखसि, पिबावः, खादामः, पश्यामि, नयावः, इच्छामि, चलसि, वसामि, जानामि, पृच्छामि, पचामि, उपविशानि, ददासि, कथयामि, हसथः

स्मरसि,नृत्यतः, गायामि, तिष्ठन्ति, क्षिपति, अटन्ति, भ्रमामः, नमति, जीवामि, यच्छामि, धावामः,  रोदथ, क्रीड़ामि, क्रीणामि, तरामि, धारयामि, बिभेमि, अस्मि ।

अधोलिखित शब्दों से एक वाक्य बनायें-

वक्तुम्, गन्तुम्, कर्तुम्, खादितुम्, पातुम्, पठितुम्, श्रोतुम्, पठितुम्, दातुम्, मेलितुम्, द्रष्टुम्।

उदाहरण-

ते किमपि वक्तुम् इच्छन्ति ।

इसी तरह- (प्रष्टुम् = पूछना), (लेखितुम् = लिखना), (हसितुम् = हँसना), (आगन्तुम् = आना), (नेतुम् = ले जाना), (आनेतुम् = लाना), (जेतुम् = जीतना),  (गातुम् = गाना), (धावितुम् = दौड़ना), (रचयितुम् = बनाना), (निवसितुम् = रहना) आदि तुमुन् प्रत्ययान्त धातु से वाक्य बनायें ।

अधोलिखित क्रियापद से उपसर्गयुक्त वाक्य का निर्माण करें

आगच्छति, प्रक्षालयामि, क्रीडन्ति, गुञ्जन्ति, नयन्ति, पतन्ति, धावन्ति, गच्छामः, गच्छथ, भवन्ति, कूजति, सिञ्चति, विकसतः

उदाहरण - अत्र बालिकाः उत्साहेन क्रीडन्ति । ताः अध्ययनाय एव गच्छन्ति ।